Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# JHARKHAND
# CGL

**JHARKHAND GENERAL GRADUATE LEVEL COMBINED COMPETITITIVE EXAMINATION**

**भाग – 3**

**अंग्रेजी**

SIERRA INNOVATIONS

# JHARKHAND CGL


| S. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| | **English** | |
| 1. | Noun | 1 |
| 2. | Pronoun | 7 |
| 3. | Adjective | 12 |
| 4. | Adverb | 17 |
| 5. | Verb | 24 |
| 6. | Conjunction | 30 |
| 7. | Preposition | 36 |
| 8. | Articles | 53 |
| 9. | Time and Tense | 57 |
| 10. | Subject-Verb Agreement | 62 |
| 11. | Word Formation Using Suffix and Prefix | 66 |
| 12. | Non - Finite Verbs | 70 |
| 13. | Voice | 75 |
| 14. | Narration | 79 |
| 15. | Question Tag | 87 |
| 16. | Anonyms & Synonyms | 91 |
| 17. | One-word Substitution | 104 |
| 18. | Idioms & Phrases | 126 |
| 19. | Fill in the Blanks | 139 |
| 20. | Spotting Error | 146 |
| 21. | Shuffling of Sentences and Words | 158 |
| 22. | Shuffling of Sentences and Words | 167 |
| 23. | Comprehension Passage | 177 |


# प्रिय विद्यार्थी, टॉपर्सनोट्स चुनने के लिए धन्यवाद।

## नोट्स में दिए गए QR कोड्स को स्कैन करने लिए टॉपर्स नोट्स ऐप डाउनलोड करे ।


ऐप डाउनलोड करने के लिए दिशा निर्देश देखे :-

**ऐप इनस्टॉल करने के लिए आप अपने मोबाइल फ़ोन के कैमरा से या गूगल लेंस से QR स्कैन करें ।**


**टॉपर्सनोट्स एग्जाम प्रिपरेशन ऐप**




**टॉपर्सनोट्स ऐप** डाउनलोड करें गूगल प्ले स्टोर से ।





लॉग इन करने के लिए अपना **मोबाइल नंबर** दर्ज करें ।




अपनी **परीक्षा श्रेणी** चुनें ।




**सर्च बटन पर** क्लिक करें ।




**SCAN QR पर** क्लिक करें ।




किताब के **QR कोड को स्कैन** करें ।



- सोल्युशन वीडियो
- डाउट वीडियो
- कॉन्सेप्ट वीडियो




- अतिरिक्त पाठ्य-सामग्री




- विषयवार अभ्यास
- कमजोर टॉपिक विश्लेषण




- रैंक प्रेडिक्टर
- टेस्ट प्रैक्टिस

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए **hello@toppersnotes.com** पर मेल करें या **766 56 41 122** पर whatsapp करें ।

# NOUN (संज्ञा)

- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण, कार्य या अवस्था के नाम को Noun कहते है ।
- यह पाँच प्रकार की होती है :-
  1. **Proper Noun** (व्यक्तिवाचक संज्ञा) – जब व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध हो ।
     **Eg:-** Ram, Delhi, Gita etc.
  2. **Common Noun** (जातिवाचक संज्ञा) – जब एक वर्ग अथवा जाति के व्यक्ति या वस्तु का बोध हो ।
     **Eg:-** King, Boy, City, Girl etc.
  3. **Collective Noun** (समूहवाचक संज्ञा) – जब समूह का बोध हो है ।
     **Eg:-**
     Team, Herd, Committee, Army etc.
  4. **Material Noun** (द्रव्यवाचक संज्ञा) – जब ऐसे पदार्थ का बोध हो जिससे दूसरी वस्तुएं बनायी जा सके ।
     **Eg:-** Gold, Silver, iron, wood etc.
  5. **Abstract Noun** (भाववाचक संज्ञा) – जब ऐसे गुण, भाव, क्रिया एवं अवस्था का बोध हो जिन्हे देखा व छुआ नहीं जा सके, केवल महसूस किया जा सकता है ।
     **Eg:-**
     Honesty, Virtue, Kindness, Jealous etc.

## Important Point

1. कुछ Noun ऐसे होते है जो देखने में Plural लगते है, परंतु अर्थ में Singular होते है ।
   **Such as** - Civics, Mathematics, Ethics, Politics, Economics, Mumps, Billiards, Athletics etc.
   **Eg:-** Civics is a good subject.
2. कुछ Noun देखने में singular लगते है, लेकिन अर्थ में Plural होते है ।
   **Such as** - Cattle, Gentry, Peasantry (किसानी), Poultry (मुर्गीफॉर्म), Clergy (पादरी लोग) etc.
   **Eg:-** Cattle are grazing in the field.
3. कुछ शब्द जैसे– Committee, Audience, Police, team, mob (भीड) देखने में Singular लगते है but अर्थ में Plural होते है ।
4. कुछ Noun का Use Singular form में किया जाता है, ये Uncountable Noun होते है ।
   **Such as** - Scenery, Furniture, information, advice, poetry, luggage, luck, language, business, knowledge, money, Jewelry.
   **Eg:-**
   He gave me information's (information).
   I like Shakespeare's poetries (Poetry).
5. कुछ Noun Singular व Plural दोनों में Use होते है ।
   **Such as** –
   Dear, Fish, Crew, Family, team, counsel (परामर्श)
6. यदि किसी Noun से पूर्व Preposition आता है तो वह Singular noun होता है ।
   **Eg:-** Ship after ship is coming.
7. कुछ noun ऐसे होते है जिनमें 'S' लगाने से उनका अर्थ बदल जाता है ।
   **Such as** -
   Water – Waters (समुद्र)
   People – Peoples (बहुत से राष्ट्र के लोग)
   Iron – irons (बेडिया)
   Physic (दवा) – Physics (भौतिकी)
   **Eg:-** your physics is (are) poor.
8. Dozen (दर्जन), Gross, score, hundred, thousand, Million (10 Lac), Billion (100 Lac), Weight, stone, pair, units में एक जैसा प्रयोग होता है अर्थात् Singular or Plural दोनो में प्रयोग होता है ।
   **Eg:-**
   I have bought two dozens (Dozen) pencils.

I have bought dozens of Bananas.

9. 'ICS' ending noun के पहले 'The' अथवा possessive, adjective, my, your, our का प्रयोग होने पर इनका अर्थ बदल जाता है अतः ये plural noun के रूप में बदल जाते है ।
**Eg.:-** My mathematics are not very good.

10. (i) Cloths – बिना सिले हुए
Clothes – सिले हुए
(ii) Cost - कीमत
Price – कीमत
- Cost का use amount of paid by the shopkeeper के अर्थ में होता है ।
- जबकि price का अर्थ Amount Paid by customer के रूप में होता है ।

**Eg :-** The price of production of automobile items has gone up. (The cost of)
**Eg :-** Sometimes buyers (खरीदने वाला) have to pay higher costs for items. (Higher price)

11. 'House' का प्रयोग A building to live in के अर्थ में करते है ।
**Eg :-** Quarters are homes allotted for a definite period. (×)
Quarters are houses allotted for a definite period. (✓)

12. कुछ Nouns का प्रयोग Plural form में ही होता है । इनके अंतिम में लगे 'S' को हटाकर singular नहीं बनाया जा सकता है ।
Scissors, tongs, pliers, trousers, plants, pajamas, shorts, gallus, Spectacles, binoculars, alms, amends, fireworks, outskirts, particulars etc.
**Eg:-** All his assets were seized.
Alms are given to the beggars.

13. Hyphenated noun का प्रयोग कभी भी plural noun में नहीं होता है ।
**Eg :-** He gave me two hundred rupees notes. (×)
He gave me two hundred rupee notes. (✓)
He stays in five stars hotels. (×)
He stays in five star hotels. (✓)

14. Common Gender Nouns
जैसे– teacher, student, child, clerk, advocate, worker, writer, leader, musician etc. dual gender noun होते है । इनके साथ सामान्य तथा he/his/him प्रयोग करते है ।
**Eg :-** Every leader should perform his duty.
A teacher should perform his duty sincerely.

15. कुछ शब्दों का सही प्रयोग–

| गलत प्रयोग | सही प्रयोग |
|---|---|
| Cousin brother/sister | Cousin |
| Pick pocketer | Pickpocket |
| Good name | Name |
| Big/small blunder | Blunder |
| Strong breeze | Strong wind |
| Bad dream | Night mare |

**Some Important Collective Noun** :-

| | | |
|---|---|---|
| बाल का समूह | - | Turp of hair |
| गुथे बालों का समूह | - | Shock of hair |
| स्त्रोताओं की मण्डली | - | An assembly of listeners |
| न्यायाधीशो की मण्डली | - | A bench of Judges |
| कूड़े–कचरे का ढेर | - | heap of rubbish |
| मुर्गी के बच्चों का समूह | - | flock of chickens |
| सोने का ढेर | - | hoard of gold |
| राज्यों का संगठन | - | league of states |
| अनाजों का ढेर | - | A sheaf of corn |
| हथियारों का ढेर | - | Piles of arms |
| अध्ययन का पाठ्यक्रम | - | A syllabus of studies |
| सैनिकों का समूह | - | Regiment of |

| | | |
|---|---|---|
| दीमकों का झुंड | - | A colony of soldiers termites |

## Some Important Abstract Noun

| Adjective | Abstract Noun | Verb | Abstract Noun |
|---|---|---|---|
| Able | Ability | Belong | Belongings |
| Brief | Brevity | Allow | Allowance |
| Careful | Carefulness | Accede | Access |
| Capable | Capability | Admit | Admission |
| Efficient | Efficiency | Attend | Attendance |
| Faithful | Faithfulness | Choose | Choice |
| Hard | Hardship | Carry | Carriage |
| Excellent | Excellence | Consume | Consumption |
| Curious | Curiosity | Deceive | Deceit |
| Careless | Carelessness | Practice | Practice |
| Busy | Business | Behave | Behavior |
| Active | Activity | Arrive | Arrival |

## Words Denoting Group :-

| | | |
|---|---|---|
| Lions | - | Pride (Female), Coalition (male) |
| Dogs | - | Kennel, Pack (आवारा, शिकारी कुत्तें) |
| Trees | - | Woodland, Grove (बडे वृक्षों, छोटे पौधों) |
| Tigers | - | Ambush, Streak |
| Ships | - | Fleet, Armada (Normal ships, war ships) |
| Sheep's | - | Flock, Herd, Mob |
| Fish | - | School, Shoal (बहुत सारे shoal एक line में आ जाये) |
| Magicians | - | Wizard, Warlock (+ve effects, -ve effects) |
| People | - | Crowd, Mob (disarrange group, उग्र भीड) |
| Puppy | - | Litter of puppies |

## Noun and Gender:-

**Gender –**

| | | |
|---|---|---|
| Masculine | – | Poet, horse, fox |
| Feminine | – | Poetess/ Mare/ Vixen |
| Neuter | – | Chair, Pen |
| Common | – | Friend/ Student |

| **Masculine** | **Feminine** |
|---|---|
| Tutor (नीति शिक्षक) | Governess (नीति शिक्षिका) |
| Nephew (भतीजा) | Niece (भतीजी) |
| Groom (दुल्हा) | Bride (दुल्हन) |
| Wizard (जादूगर) | Witch (जादुगरनी) |
| Lover (प्रेमी) | Beloved (प्रेमीका) |

Lord (स्वामी) Lady
Gander (हंस) Goose (हंसीनी)

- कुछ शब्दों को Feminine मानते है अतः इनके साथ Pronoun Her, Hers, She या herself लगाते है।

  **Such as** - The moon, The earth, Nature, Spring, Virtue, Charity, mercy, peace, ship, river, nation, fame, city, liberty.

  **Eg :-**

  The moon shed its (her) light on the bank.

  Love virtue it (she) is alone free.
- The Sun, time, death, wind, Summer, thunder, Ocean, love, war, wine को masculine माना जाता है । इनके साथ He, his, him, himself का Use करते है।

  **Eg :-**

  Death lays her (his) icy hand or king.

- Everything, something, anything, nothing, indefinite pronoun है, ये neuter gender को प्रकट करते है ।

  **Eg :-**

  Everything should be kept in his (×) /its (✓) order.

  This is Mohan's Pen. (यह मोहन का पेन है ।)

  This is the door of the house. (यह घर का दरवाजा है ।)

  This is Girl's college. (यह लडकियों का विद्यालय है ।)

- यदि दो noun and से जुडे हो तो उनके बीच close relation ना हो तो दोनों nouns के (अलग-अलग अधिकार के अर्थ में) साथ Apostrophe's का प्रयोग करते है।

  **Eg:-**

  Mohan's and Sohan's house. (मोहन का घर और सोहन का घर ।)

  **Note :-** यदि सम्मिलित अधिकार की बात है तो last noun के साथ Apostrophe's लगाते है ।

  **Eg:-** Mohan and Sohan's house.

## Exercise Noun

**1. 'Gold' is the kind of noun-**
a. Proper noun
b. collective noun
c. Abstract noun
d. Material noun

**2. 'Army' is the kind of noun-**
a. Proper noun
b. Collective noun
c. Common noun
d. Abstract noun

**3. 'Six boys' is the noun-**
a. Countable noun
b. Uncountable noun
c. Neither countable nor uncountable noun
d. None of these

**4. Countable nouns include the nouns-**
a. Common noun
b. Collective noun
c. Both the common and collective nouns
d. None of these

**5. 'Man' is the kind of noun-**
a. Proper noun
b. Collective noun
c. Abstract noun
d. Common noun

**6. Uncountable noun consist of-**
a. common and material nouns
b. Material and abstract nouns
c. Abstract and collective nouns
d. Collective and material nouns

**7. 'Abstract noun' is the name of-**
a. Action b. Quality
c. State d. All of these

**8. Countable noun is-**
a. Book b. Sugar
c. Milk d. Information

**9. Uncountable noun are-**

a. Furniture b. Information
c. Sugar d. All of these

**Find out the part which has an error in the following sentences -**

10. Six hours(a)/ are (b)/ a long(c)/ period (d).
11. Neither of (a)/ the Woman (b)/ is (c)/ Present (d).
12. A set of (a)/ questions (b)/ have been (c)/ given (d).
13. Many a students (a)/ has (b)/ decided to (c)/ Study minutely (d).
14. One of they best (a)/ friend is (b)/ both a novelist (c)/ and poet of repute (d).
15. My politics (a)/ is not your's (b)/ but I like (c)/ what you say (d).
16. A number of (a)/ students is going to (b)/ the classic (c)/ Picnic (d).
17. All the Chief Minister (a)/ are responsible for the (b)/ Pitiable condition (c)/ of their states (d).
18. Two dozens (a)/ egg have (b)/ been (c)/ bought (d).
19. The teacher was (a)/ specially pleased that (b)/ one of her student was (c)/ a topper of the university (d).
20. Some phenomenon (a)/ of nature (b)/ are difficult (c)/ to explain (d).

Fill in the blanks with suitable pronoun-

**21. This book is mind and that is ……**

a. your b. your's
c. your d. you

**22. Sakshi is more intelligent and beautiful than ……**

a. I b. me
c. my self d. mine

**23. It is …… who is severely punished.**

a. him b. his
c. he d. them

**24. Have you any objection to …… going to your house?**

a. I b. my
c. mine d. me

**25. I was unable to say whether …… was a boy or not-**

a. he b. she
c. it d. that

**Answers**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
| d | b | a | c | d | b | d | a | d | b |
| 11. | 12. | 13. | 14. | 15. | 16. | 17. | 18. | 19. | 20. |
| b | c | a | b | b | b | a | a | c | a |
| 21. | 22. | 23. | 24. | 25. | | | | | |
| c | a | c | b | c | | | | | |

## Explanations

1. 'Gold' material noun है क्योंकि जिन वस्तुओं या पदार्थो से कोई चीज बनायी जाती है वे material noun कहलाते है ।
2. 'Army' collective noun है क्योंकि प्राणियों या वस्तुओं के समूहों के नाम को collective noun कहते है और 'Army' से सैनिकों का बोध होता है ।
3. 'Six boys' countable noun है क्योंकि सजीव या निर्जीव वस्तुयें जिनकी गिनती की जा सकती है countable noun कहलाती है ।
4. Countable nouns के अन्तर्गत common nouns और collective nouns दोनों ही आते है क्योंकि ये दोनों गिने जा सकते है ।
5. 'Man' common noun है क्योंकि जिस शब्द से प्राणी या वस्तु की पूरी जाति का बोध होता है वह common noun कहलाता है और यहा Man से मनुष्य जाति का बोध होता है अतः यह common noun है ।

6. Uncountable nouns के अन्तर्गत material nouns और abstract nouns आते है क्योंकि इनकी गिनती नहीं की जा सकती है ।
7. प्राणी या वस्तु के कार्य (action) या गुण (quality) आदि को व्यक्त करने वाले शब्द Abstract noun कहलाता है ।
8. 'A book' countable noun है क्योंकि इसे गिना जा सकता है ।
9. Furniture, information एवं Sugar तीनों ही uncountable noun है क्योंकि इन्हें गिना नहीं जा सकता है अतः विकल्प (d) सही है ।
10. are की जगह is का प्रयोग होगा क्योंकि distance, time तथा weight को एक unit मान लिया जाये तो उसके साथ singular verb का प्रयोग होता है ।
11. Woman की जगह women का प्रयोग होगा क्योंकि neither of के बाद plural noun का प्रयोग होता है ।
12. Have की जगह has का प्रयोग होगा क्यांकि of से बने collective noun (a set of…) के बाद singular verb का प्रयोग होता है ।
13. Students की जगह student का प्रयोग होगा क्योंकि many taken के बाद singular noun का प्रयोग होता है ।
14. Friend की जगह friends का प्रयोग होगा क्योंकि One of के बाद plural noun का प्रयोग होता है ।
15. Is की जगह are का प्रयोग होगा क्योंकि politics को particularise करने पर इसके साथ plural verb का प्रयोग होता है ।
16. Is की जगह are का प्रयाग होगा क्यांकि a number of के बाद plural verb का प्रयोग होता है ।
17. Chief Minister की जगह chief ministers का प्रयोग होगा क्योंकि compound noun के मुख्य भाग का plural बनाकर पूरे भाग की plural बनाया जाता है ।
18. Dozens की जगह Dozen का प्रयोग होगा क्योंकि dozen, hundred, thousand के अंत में 's' का प्रयोग नहीं होता है ।
19. Student की जगह students का प्रयोग होगा क्योंकि One of के बाद plural noun का प्रयोग होता है ।
20. Phenomenon की जगह phenomena होगा क्योंकि some के बाद plural countable noun का प्रयोग होता है ।

# PRONOUN

- Noun के बदले प्रयुक्त होने वाले शब्द को Pronoun कहते है ।
- Noun के repetition से बचने के लिए ही pronoun का प्रयोग किया जाता है ।

## Pronoun के प्रकार

1. Personal Pronoun (पुरूषवाचक सर्वनाम) - I, me, we, us, you, he, him, she, etc.
2. Relative Pronoun (संबंधवाचक सर्वनाम) - Who, whom, whose, which, that etc.
3. Interrogative Pronoun (प्रश्नवाचक सर्वनाम) - Who, what, whom, whose, where, etc.
4. Reflexive Pronoun (निजवाचक सर्वनाम) - Myself, ourselves, yourself, yourselves, etc.
5. Emphatic Pronoun (दृढ़ता वाचक सर्वनाम) - Myself, yourself, himself, herself etc.
6. Demonstrative Pronoun (संकेतवाचक सर्वनाम) - This, that, these, those etc.
7. Reciprocal Pronoun (परस्पर सूचक सर्वनाम) - Each other, one another etc.
8. Distributive Pronoun (विभागबोधक सर्वनाम) - Each, either, neither, every, none etc.
9. Indefinite Pronoun (अनिश्चित सर्वनाम) - Everybody, somebody, someone, no one, much, few, little etc.
10. Exclamatory Pronoun (विस्मयादिबोधक सर्वनाम) - What! etc.
11. Possessive Pronoun (अधिकारवाचक सर्वनाम) - Mine, ours, yours, his, hers etc.

- **Personal Pronoun** :- वे pronoun जो तीनों persons (1,2,3) में होते है ।

| Persons | Subjective Case | Objective Case |
|---|---|---|
| 1st person | I | Me |
| | We | Us |
| 2nd person | You | You |
| 3rd person | He | Him |
| | She | Her |
| | It | It |
| | They | Them |

- **Relative Pronoun** :- वे pronoun जो अपने पहले प्रयुक्त nouns या noun equivalent words से संबंध बताते है तथा दो sentences को जोडने का कार्य करते है, Relative Pronoun कहलाते है । (Who, which, that, whom, whose etc.)

  **Ex :-**
  I met Veena, <u>who</u> was returning from school.
  (R.P.)
  The pen <u>that</u> my father gave writes well.

- **Interrogative Pronoun :-** वे pronoun जो प्रश्न पूछने के लिए प्रयुक्त होते है ।
  जैसे– (What, who, where, whose, which)

- **Reflexive Pronoun:-** जब वाक्य में 'स्वयं', खुद ही, खुद को, अपने आप जैसे शब्दों का प्रयोग हो तब Reflexive Pronoun का use होता है ।
  **Ex :-** The poor man poisoned himself and his children.

- **Emphatic Pronoun** :- यदि sentence में प्रयुक्त verb से पूर्व Myself, himself, yourself, itself आये तो Emphatic होता है और बाद में आये तो Reflexive Pronoun होता है ।
  **Ex :-** I myself did it. (Emphatic)
  I did it myself. (Reflexive)

- **Demonstrative Pronoun:-**
  This/that/these/those, such, the same.

- **Reciprocal Pronoun :-** Each other/one another.
  दो के बीच परस्पर शब्द की अंग्रेजी – Each other
  दो से अधिक के लिये – One Another
  **Ex:-**
  Ram and Sohan quarrel each other. (✓)
  Four sons quarrel one another. (✓)
- **Distributive Pronoun:-** Each, either, neither
- **Indefinite Pronoun :-** Somebody, anybody, everybody, nobody, anyone, all.
- **Exclamatory Pronoun: -** What!

## Uses of Pronouns

### 1. Personal Pronoun

(i) जब विभिन्न Pronoun एक ही sentence में प्रयुक्त हो तब–
बुरी बात का आभास न हो → 2 3 1
बुरी बात कही गयी हो → 1 2 3
**Ex:-** You, he and I shall study for the exam. (Good sense)
I, you and he have made a blunder. (Bad sense)

(ii) Let, like, between, but, except एवं preposition के बाद objective case का प्रयोग होता है।
**Ex:-** Let me do this work.
My daughter looks like me.

(iii) दो Nominative के बीच तुलना हो तो As/than के बाद Nominative case का प्रयोग
**Ex:-** He is as fast as I.
I run faster than he.
दो objective के बीच तुलना हो तो As/than के बाद objective case pronoun का प्रयोग किया जाता है।
**Ex:-** I know you as much as him.

### 2. Possessive Pronoun

(i) इनका प्रयोग noun के पहले नहीं होता है।
**Eg:-**
Ours school was closed for four days. (×)
Our school was closed for four days. (✓)

(ii) sentence में verb के subject के रूप में–
**Ex:-** Yours is a new car.
Hers is a beautiful house.

(iii) sentence में verb के object के रूप में–
**Ex:-** Save your time and mine too.

(iv) Preposition के object के रूप में–
**Ex:-** I prefer your help to hers.

(v) Separation, leave, excuse, mention, report, pardon, sight, favor के साथ possessive case –
**Ex:-** At his sight the robbers fled. (×)
At the sight of him the robbers fled. (✓)

(vi) Gerund ($V^1$ + ing) के पहले possessive adjective का प्रयोग –
**Ex.:-** I was confident of my winning the match.
She was not confident of her doing well in the examination.

### 3. Reflexive Pronoun

(i) Acquit, avail, reconcile, amuse, resign, avenge, except, apply, adapt, adjust, pride, absent एवं enjoy के बाद Reflexive –
**Ex:-** You should avail yourself of this opportunity.
The officers acquitted themselves well during the crisis.

(ii) Keep, stop, turn, qualify, bathe, move, rest, open, sell, wash, drains, shave, concentrate, feel, hurry के बाद Reflexive नहीं–
**Ex:-** He hid himself in the room. (×)
He hid in the room. (✓)

**4. Distributive Pronoun**

**(i) Either** – दो में से कोई एक

**Ex:-** Either of these two pens is red.

**(ii) Neither** – दो में से कोई भी नही।

**Ex:-** Neither of those two girls is active.

**5. Reciprocal Pronoun**

**(i) Each other-** दो व्यक्ति या वस्तुओं के लिए

**(ii) One another** - दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए

**Ex:-** He was so afraid that his knees knocked each other.
After the farewell, the students bade one another goodbye.

**6. Relative Pronoun**

(i) Who/which/that का प्रयोग subordinate clause के subject के रूप में–

**Ex:-** The boy <u>who</u> came here is a player.

(ii) And से जुडकर दो antecedent, जिनमें एक मनुष्य तथा दूसरा जानवर/वस्तु हो तो 'that' आयेगा।

**Ex:-** The man and his dog <u>that</u> I saw yesterday have been kidnapped.

(iii) Superlative degree + that

**Ex:-** Kabir is the most laborious man that I have ever seen.

(iv) All का प्रयोग व्यक्ति के लिए होने पर – who/that

All का प्रयोग वस्तु के लिए होने पर – that

All + singular uncountable noun – that

(v) The same + noun के बाद That

**Ex:-** This is the same man that deceived me.

**7. Interrogative Pronoun:-**

(i) Who – subject का पता

Whom – object का पता

Whose – मालिक का पता करने के लिए

**Ex:-** who is playing?

Whom has he invited?

Whose book is this?

(ii) जब दो या दो से अधिक में से एक का चुनाव करना हो– Which

**Ex:-** Which is your brother in the crowd? (✓)

Who is your brother in the crowd? (✗)

**8. Demonstrative Pronoun**:- (This, That, There, Those, Such, The same)

(i) This/That – समीप की वस्तु/वस्तुओं के लिए

**Ex:-** This is a cat.

These are cats.

(ii) That/Those – दूर की वस्तु/वस्तुओं के लिए

**Ex:-** That is a book.

Those are book.

- Singular noun के repetition को रोकने के लिए - 'That of'

Plural noun के repetition को रोकने के लिए - 'Those of'

**Ex:-** The climate of Pune is better than that of Mumbai.

The streets of Delhi are wider than those of Mumbai.

**Some special rules for Pronoun:**

(1) Like तथा unlike का use preposition की तरह होता है।

इसके साथ कभी–कभी verb के रूप में भी होता है।

like and unlike preposition की तरह प्रयुक्त हो तो pronoun objective case में रहता है ।

**Ex:-** My daughter looks like I. (✗)

My daughter looks like me. (✓)

(2) Let शब्द के बाद Objective case में pronoun का प्रयोग करते है।

**Ex:-** Let he go. (×)

Let him go. (✓)

(3) Preposition के बाद Objective case में Pronoun का use होता है न कि nominative case के pronoun का

**Ex:-** Ravi laughed at you and I. (×)

Ravi laughed at you and me. (✓)

## Exercise

**1. The word that indicate noun is called -**

(a) Noun (b) Pronoun

(c) Adjective (d) Adverb

**2. Personal Pronoun are**

(a) He (b) They

(c) We (d) All of these

**3. The pronouns which are used to refer to mutual relationship are called -**

(a) Reciprocal Pronoun

(b) Demonstrative Pronoun

(c) Interrogative Pronoun

(d) None of the above

**4. Verb comes -**

(a) Before subjective case

(b) after subjective case

(c) Before objective case

(d) after objective case

**5. 'It' is used in the case of….**

(a) Weather (b) time

(c) season (d) All of these

**6. 'you' is the type of person**

(a) 1st person

(b) 2nd person

(c) 3rd person

(d) None of these

**7. Sentence, "I will destroy myself" denotes the type of pronoun**

(a) Personal Pronoun

(b) Reciprocal Pronoun

(c) Reflexive Pronoun

(d) None of the above

**8. 'That' can be used for -**

(a) Living and non-living things

(b) Only living things

(c) Only non-living things

(d) None of the above

**Find out the part which has an error in the following sentences -**

9. Neither of (a)/ the three boys (b)/ has completed (c)/ The work (d)

10. They (a)/ are requested (b)/ to do (c)/ one's work (d)

11. One should (a)/ look for (b)/ his own (c)/ faults first (d)

12. Each of the (a)/ two boys (b)/ has paid (c)/ her school fees (d)

13. Either of the two (a)/ wives is (b)/ dominated by (c)/ their husband (d)

14. Not only ram (a)/ but also his (b)/ friends have (c)/ done his work (d)

15. This cake (a)/ is meant (b)/ for you (c)/ and I (d)

16. You and (a)/ he must (b)/ do (c)/ his duty (d)

17. He is the person (a)/ whom I fear (b)/ will challenge (c)/ your authority (d)

18. This is (a)/ the worst (b)/ which you (c)/ can do (d)

**19. That blue and gray saree is ……..**

(a) me (b) mine

(c) myself (d) yourself

**20. …….. Program was the best**

(a) They're (b) Their

(c) You (d) Mine

**21. Don't be scared of …….. dog**

(a) Your (b) ours

(c) mine (d) our

**22. Ali and Rahul collected the stickers ……..**

(a) Yourself (b) themselves

(c) himself (d) their self

**23. When sanjana won the lottery, she pinched …….. to make sure she wasn't dreaming.**

(a) hers (b) herself
(c) her (d) himself

## Answers

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (d) | 3. (a) | 4. (b) | 5. (d) |
| 6. (b) | 7. (c) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (d) |
| 11.(c) | 12.(d) | 13.(d) | 14.(d) | 15. (d) |
| 16. (d) | 17.(b) | 18. (c) | 19. (b) | 20. (b) |
| 21. (d) | 22.(b) | 23. (b) | | |

## Explanations

1. Noun को Indicate करने वाले शब्द Pronoun कहलाते है ।
2. वे Pronoun जो किसी noun के बदले विशिष्ट रूप से प्रयुक्त होते है Personal Pronoun कहलाते है। जैसे- He, She, it, they, you, we, i
3. वे Pronoun जो पारस्परिक सम्बन्ध (mutual relationship) दर्शाते है, Reciprocal pronoun कहलाते है ।
4. Verb हमेशा subjective case के बाद आती है अर्थात् verb से पहले subjective case आता है ।
5. प्राकृतिक घटना, जैसे- Season, weather अथवा समय (time) दिन (day), वर्ष (year) को बताने के लिये 'It' का प्रयोग करते है ।
6. 'you' 2nd person है क्योंकि
   (A) 1st person – I, We
   (B) 2nd Person – you
   (C) 3rd person – He, she, it, they
7. वाक्य 'I will destroy myself' Reflexive Pronoun को निरूपित करता है क्योंकि इस वाक्य में कार्य को करने वाला अपना काम स्वयं कर रहा है ।
8. That का प्रयोग सजीव व निर्जीव दोनों के लिये किया जाता है ।
9. Neither के बदले none का प्रयोग होगा, क्योंकि दो से अधिक में से कोई नहीं के अर्थ में None का प्रयोग होता है ।
10. One's work की जगह their work होगा क्योंकि they का Possessive 'Their' प्रयोग होता है ।
11. His own की जगह one's own का प्रयोग होगा क्योकि one का Possessive 'ones' होता है ।
12. Her के बदले his का प्रयोग होगा, क्योंकि boys के लिये his का प्रयोग होता है ।
13. Their की जगह her का प्रयोग होगा, क्योंकि each or either के साथ his या her का प्रयोग होता है their का नहीं ।
14. His work की जगह their work का प्रयोग होगा, क्योंकि not only …….. but also में, but also के बाद प्रयुक्त noun के अनुसार ही verb तथा pronoun का प्रयोग होता है ।
15. I की जगह me होगा, क्योंकि Preposition के बाद objective case का प्रयोग होता है ।
16. His की जगह your का प्रयोग होगा, क्योंकि 2nd और 3rd Person के लिये your का प्रयोग होता है।
17. Whom की जगह who का प्रयोग होगा, क्योंकि who के लिये verb का प्रयोग होता है, Whom के लिये नहीं ।
18. Which की जगह that का प्रयोग होगा, क्योंकि superlative degree के बाद that का प्रयोग होता है ।

# Adjective

**Adjective** - किसी Noun या Pronoun की विशेषता बताने वाले शब्द, Adjective कहलाते है ।

## Adjective निम्न प्रकार के होते है –

1. **Adjective of quality** (गुणवाचक विशेषण) – जो Noun का गुण या दोष या रंग-रूप प्रकट करता है ।
   **Such as** – Good, Bad, red, black, tall, short, beautiful, short etc.

2. **Proper Adjective** (व्यक्तिवाचक विशेषण) – Proper noun से बनने वाले Adjective ।
   **Such as** – British, Buddhist, Indian etc.

3. **Adjective of Quantity** (परिमाणवाचक विशेषण) – जो वस्तु की मात्रा का ज्ञान कराता हो।
   **Such as** – Some, enough, no, little, much etc.

4. **Numeral Adjectives** (संख्यावाचक विशेषण) – जिस शब्द से वस्तु की संख्या ज्ञात हो ।
   **Such as** – One, two, three ….. etc. Next, Last, First, second, third ….. etc.

5. **Demonstrative Adjectives** (संकेतवाचक विशेषण) – जो Adjective अपने तुरंत बाद प्रयुक्त Noun की ओर संकेत करें ।
   **Such as** – This, that, these, those, the same, a certain etc.

6. **Distributive Adjectives** (विभाग वाचक विशेषण) – जो शब्द किसी वर्ग की प्रत्येक वस्तु या व्यक्ति को संबोधित करें ।
   **Such as** – Each, Every, Either, Neither etc.

7. **Possessive Adjectives** (अधिकार सूचक विशेषण) – वे शब्द जो किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के अधिकार से संबंध बताते हो ।
   **Such as** – My, your, our, his, her, etc.

8. **Interrogative Adjectives** (प्रश्नवाचक विशेषण) – जो प्रश्न पूछने का कार्य करें ।
   **Such as** – what, which, whose.

9. **Emphasizing Adjectives** (दबाव सूचक विशेषण) – वे शब्द, दबाब या जोर डालने के लिए प्रयुक्त हो ।
   **Such as** – Own, very, such etc.

10. **Exclamatory Adjectives** (विस्मयादिबोधक विशेषण) – वे शब्द जो आश्चर्य आदि का भाव प्रकट करे ।
    **Such as** – what!, how!

- **Order of Adjective of Quality [OSAS COMP]**

| O | S | A | S | C | O | M | P |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| Opinion | Size | Age | Shape | Color | Origin | Material | Purpose |

## Correct use of Some Adjectives: -

1. **Some and Any: -**

   **(1) Some** → Affirmative sentence में Singular uncountable noun के पहले मात्रा का बोध कराने में–
   **Eg.:-** I have some milk.
   You have some money.
   **Any:** - Negative Sentence में Singular uncountable noun के पहले मात्रा का बोध कराने में–
   **Eg.:-** He did not give me any milk.
   There is not any ink in the bottle.

   **(2) Interrogative Sentences** में-
   **Eg.:-** Will you give me some sugar?
   Have you any money?

   **(3) Some** का प्रयोग लगभग के अर्थ में –
   **Eg:-** Mukesh gave me some fifty rupees.

**(4) Any** का प्रयोग **No** के बाद नहीं होता है–

**Eg:-** I have not any money. (✓)

I have no any money. (×)

**2. Much and Many:-**

**(1) Much:-** Singular uncountable noun के साथ मात्रा के बोध में ।

**(2) Many:-** Plural countable noun के साथ संख्या के बोध में ।

**Eg:-** I don't know how much money he spent on his marriage.

I have many friends in the town.

**3. Very and own का Emphatic में प्रयोग:–**

**(1) Very:-** Noun के पहले Noun पर दबाब डालने के लिए –

**Eg:-** Rupa killed her husband before my very eyes.

**(2) Own:-** Possessive adjective + own+Noun की बनावट में Possessive Adjective पर जोर डालने के लिए –

**Eg:-** I gave him my own book.

His own brother was an idiot.

**4. Use of 'Little', 'A little' and 'The little':–**

**(1) Little** का प्रयोग 'नहीं के बराबर', 'अल्प' या 'नगण्य' के अर्थ में मात्रा (quantity) का बोध कराने के लिए Singular Uncountable Noun के पहले होता है । यह Negative meaning रखता है ।

**Such as** – He has little money.

**(2) A little** का प्रयोग 'थोडा' या 'कुछ' के अर्थ में मात्रा (Quantity) का बोध कराने के लिए Singular Uncountable Noun के पहले होता है । यह Positive meaning रखता है ।

जैसे– He has a little money.

Negative idea, (नकारात्मक विचार) को अभिव्यक्त (Express) करने के लिए A little का प्रयोग नहीं होता है ।

**(3) The little** का प्रयोग 'जो कुछ है, थोडा मात्रा में' या 'मात्रा तो कम है, पर पूरा का पूरा' या 'मात्रा तो कम है, पर सब का सब' के अर्थ में Singular Uncountable Noun के पहले होता है । यह Positive meaning & Negative meaning दोनों के अर्थ रखता है ।

जैसे – I spent the little money I had.

(i) I spent all the money I had. - Positive

(ii) The money I had was not much. - Negative

**5. Use of 'few', 'A few' and 'The few'**

**(1) Few** का प्रयोग 'नहीं के बराबर', 'अल्प' या 'नगण्य' के अर्थ में संख्या (Number) का बोध कराने के लिए Plural countable Noun के पहले होता है । यह Negative meaning रखता है ।

जैसे – I read few books.

Positive idea, (सकारात्मक विचार) को अभिव्यक्त (Express) करने के लिए few का प्रयोग नहीं होता है ।

**(2) A few** का प्रयोग 'थोडा' या 'कुछ' के अर्थ में संख्या (number) का बोध कराने के लिए plural countable Noun के पहले होता है । यह Positive meaning रखता है ।

जैसे – I read a few books.

**(3) The few** का प्रयोग 'जो कुछ है, थोडी संख्या में' या 'संख्या तो कम है, पर पूरा का पूरा' या 'संख्या तो कम है, पर सब का सब' के अर्थ में Plural countable Noun के पहले होता है । यह Positive meaning & Negative meaning दोनों के अर्थ रखता है ।

जैसे – I read the few books I had.

(i) I read all the books I had. - Positive

(ii) The books I had were not many. - Negative

**6. Use of Each/Every:-**

**(1) Each:** - Each का नेम 'प्रत्येक' के अर्थ में दो या दो से अधिक व्यक्तियों के लिये Singular countable noun से पूर्व होता है।

**Eg :-** Each boy has a pen.

**(2) Each of :-** Each of के बाद noun या pronoun plural होती है तथा verb singular होती है।

**Eg :-** Each of the boys has a pen.

**(3) Every :-** Every का use प्रत्येक के अर्थ में दो या दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं के लिये Singular countable noun से पूर्व होता है।

**Eg :-** Every boy of the class is in uniform.

**(i) Rule :-** Every का use nearly, almost, practically, without, exception के बाद होता है, न कि Each का।

**(ii) Rule :-** Every के बाद numeral adjective का प्रयोग हो तो इसके बाद Plural noun आता है।

**Eg :-** Every 10 Girls.

**7. Use of Either/Neither**

**(1) Either:**- Either का प्रयोग 'दो में से कोई एक' के अर्थ में Singular countable noun से पूर्व होता है।

**Eg :-** Either book is blue.

**(2) Either of:-** Either of का प्रयोग Plural countable noun से पूर्व होता है।

**Eg :-** Either of the pens is black.

**(3) Neither:**- Neither का प्रयोग 'दो में से कोई नहीं' के अर्थ में Singular countable noun से पूर्व होता है।

**Eg :-** Neither boy is intelligent.

**(4) Neither of :-** Neither of के बाद Plural countable noun आता है।

**8. Use of Both:-**

**(1) Both** का प्रयोग वाक्य में जब Adjective की तरह किया जाता है तो इसके बाद 'The' का प्रयोग किया जाता है।

**Eg :-** I know both the woman.

**(2) Both** का use 'Pronoun' के बाद 'object' की तरह होता है।

**Eg :-** She invited us both.

**(3) Both of** का प्रयोग Personal Pronoun के साथ किया जाता है।

**Eg :-** Both of them can by these pens.
He invited both of us.

**(4) Both ... not** की स्थिति में इसके स्थान पर 'Neither of them' का प्रयोग करते है।

**Eg : -** Both of them did not write an essay. (×)
Neither of them wrote an essay. (✓)

**(5) Both** के बाद and का प्रयोग किया जाता है।

**Eg :-** Both Ravi and Aman are good dancers.

**9. Use of All**

**All** का प्रयोग 'सब या सबके' अर्थ में Plural countable noun से पूर्व या singular uncountable noun से पहले होता है।

**Eg : -** All the money was spent.
All the girls were present.

**10. Use of Other, Another, No other, Any other :-**

**(1) Other: -** 'Other' का use plural noun से पहले होता है।

**(2) Another:** - 'Another' का use Singular noun से पहले होता है।

**(3) No other:-** 'No other' का use negative sense में तथा इसका use Singular व Plural दोनों में होता है।

**(4) Any other:-** 'Any other' का use interrogative and negative से पहले होता है।

**Some rules for Adjectives :–**

**(1)** जब किसी व्यक्ति या वस्तु के दो गुणों के बीच तुलना करते है तो – More + Positive degree + than + Positive degree

**Eg.-** Raju is stronger than intelligent.(×)
Raju is more strong than intelligent. (✓)

**(2)** जब दो वस्तुओं या व्यक्तियों में तुलना हो तो Comparative Degree से पहले The Article का use किया जाता है ।

**Eg.-** Ravi is better of the two. (×)
Ravi is the better of the two.(✓)

**Eg.-** Of the two boys shivam is wiser.(×)
Of the two boys shivam is the wiser. (✓)

**(3)** कुछ विशेषण ऐसे होते है जो हमेशा Superlative Degree में ही use होते है ।
**Such as:** - supreme, complete, Entire, Perfect, Unique, Excellent, Absolute, impossible, Eternal etc.

**Eg.** - How can divided India become the most supreme power?
How can divided India become Supreme power?

**(4)** Prior/Junior/Senior/Superior/Prefer/ Preferable/ elder/Inferior etc. के साथ to का प्रयोग होता है और Comparative degree में प्रयोग किया जाता है ।

**Eg.-** Lemon juice is preferable than tea.(×)
Lemon juice is preferable to tea.(✓)

**Note:**- Comparatively के साथ Positive degree आती है।

**Eg.-** He is comparatively smarter than his brother. (×)
He is comparatively smart than his brother. (✓)
Or
He is smarter than his brother. (✓)

**(5)** Ordinals – First/Second/Third
Cardinals – One/two/three
Formula – OC
पहले Ordinals उसके बाद Cardinals

**Eg.-** <u>The two or last</u> three lessons of your book are worth reading.
The last two or three lessons of your book are worth reading.

**Eg.-** You must study <u>the two first</u> chapters of the book.
You must study the first two chapters of the book.

**(6)** Elder to (सगे के लिये)
Older than (सगे के लिये नहीं)

**Eg.-** She is older than Ramesh. (✓)
She is elder to her sister.(✓)

**(7)** Comparative sentence में noun की पुनरावृत्ति से बचने के लिए than that of या than those of का प्रयोग करते है ।

**Eg:-** The Climate of Agra is better <u>than</u> Shimla. (×)
The Climate of Agra is better <u>than that of</u> Shimla. (✓)

**Eg:-** My shoes are more expensive <u>than</u> Ravi. (×)
My shoes are more expensive <u>than those of</u> Ravi. (✓)

**(8)** Appear, make, became, smell, sound, taste, turn, keep, grow, get, look, be + <u>Adjective</u>

**E.g.:-** Bhavna looks beautiful. (✓)
Bhavna looks beautifully. (×)